आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.09.2026   समय : 1905

- अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के नवनियुक्त उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा के शपथ ग्रहण समारोह का लाइव प्रसारण कल दूरदर्शन केन्द्र श्री विजयपुरम से किया जाएगा।
- द्वीपों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 19 सितंबर, को आइलैंड साइक्लिंग टूर–2026 का आयोजन किया जा रहा है।
- पर्यटन निदेशालय द्वारा वार्षिक साइकिलिंग आयोजन 'टूर ऑफ अंडमान' के छठे संस्करण का दो बैचों में आयोजन होगा।
- नई दिल्ली में, पैंसठवें सुब्रतो मुखर्जी कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट–2026 के लिए अंडर–17 लड़कों की फुटबॉल टीम, द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व करेगी।

**<><><><><><><>**

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के नवनियुक्त उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कल किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण सुबह साढ़े ग्यारह बजे से दूरदर्शन केंद्र, श्री विजयपुरम के आधिकारिक YouTube चैनल @ddksrivijayapuram और इसका सीधा प्रसारण दूशर्शन केन्द्र श्री विजयपुरम से भी किया जाएगा।

**<><><><><><><>**

द्वीपों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए खेल और युवा मामलों का विभाग, शिक्षा निदेशालय और सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय तथा साई के सहयोग से 19 सितंबर, को आइलैंड साइक्लिंग टूर–2026 आयोजित कर रहा है। यह साइक्लिंग टूर सुबह 9 बजे सेलुलर जेल से शुरू होकर वॉटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, स्विमिंग पूल, फ्लैग पॉइंट, कॉर्बिन बीच, ऑस्टिनाबाद, प्रातरापुर, भातूबस्ती, गाराचरमा, सिप्पीघाट, छोलदारी, टुसनाबाद, फरारगंज, जिरकाटांग, होते हुए वापस → फरारगंज होते हुए नयापुरम, कन्यापुरम, विम्बर्लीगंज, बैम्बूफ्लाट जेटी से वाहन फेरी में श्री विजयपुरम पहुचेंगे। इच्छुक

प्रतिभागी एंट्री और डिक्लेरेशन फॉर्म भर कर 18 सितंबर, शाम 5 बजे तक नेताजी स्टेडियम, श्री विजयपुरम के कार्यालय में जमा कर सकते है। प्रतिभागी अपनी साइकिल और पूरी साइक्लिंग किट के साथ भाग लेंगे, जिसमें हेलमेट, उपयुक्त स्पोर्ट्स कपड़े, पानी की बोतल और सुरक्षा के लिए अन्य ज़रूरी सामान शामिल होगा। अधिक जानकारी के लिए, प्रतिभागी 9434–290–640 और 9474–229–201 पर सम्पर्क कर सकते है।

<><><><><><><>

स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर 5.0 अभियान, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा 12 से 19 सितंबर के दौरान आयोजित किया जा रहा है। मंत्रालय द्वारा इस अभियान में सभी कार्यालयों को भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया है। यह अभियान समुद्री कचरे, खासकर प्लास्टिक कचरे के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई के लिए मंत्रालयों, शिक्षण संस्थानों, सामुदायिक समूहों, NGO और नागरिकों को एक साथ लाता है। भारत की लगभग ग्यारह सौ अठानबे किलोमीटर लंबी तटरेखा और समुद्र व तटीय पारिस्थितिकी तंत्र पर निर्भर लाखों लोगों की आजीविका को देखते हुए, साफ और स्वस्थ समुद्र को बढ़ावा देने के लिए लोगों की लगातार भागीदारी बहुत ज़रूरी है। स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर के पांचवें संस्करण में एक सौ ग्यारह से ज़्यादा जगहों पर समुद्र तट की सफाई के अभियान, समुद्र संरक्षण पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय प्रतिज्ञा, युवा छात्रों के लिए अपनी तरह का पहला ओशन ओलंपियाड और तटीय राज्यों के साथ–साथ डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से कई अन्य गतिविधियाँ शामिल होंगी। कैंपेन का समापन इंटरनेशनल कोस्टल क्लीनअप डे 19 सितंबर, को कई समुद्र तटों पर सफाई अभियान के साथ होगा।

<><><><><><><>

द्वीप समूह में आज गणेश चतुर्थी का त्योहार श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन भगवान गणेश के जन्म का प्रतीक है, जो बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य के देवता हैं। सुबह से ही पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ देखी जा रही है। पंडालों में भक्तों के लिए प्रसाद के साथ अन्नदानम की भी व्यवस्था की गई है।

<><><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय द्वारा वार्षिक साइकिलिंग आयोजन 'टूर ऑफ अंडमान' के छठे संस्करण का दो बैचों में आयोजन किया जाएगा। पहला बैच 19 से 25 सितंबर तथा दूसरा बैच 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होगा। इस आयोजन का उद्देश्य वर्ष 2019 में शुरू किया गया 'टूर ऑफ अंडमान' द्वीप समूह को प्रमुख साइकिलिंग और एडवेंचर पर्यटन गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना है। इस साइकलिंग संस्करण में देश–विदेश के साइकिलिंग प्रेमियों को द्वीप समूह के प्राकृतिक परिदृश्य, तटीय मार्गों, जंगलों, द्वीपों, गांवों और सांस्कृतिक विविधता का अनुभव करने का अवसर मिलेगा। इस आयोजन को वर्ष 2026–27 के वार्षिक कार्यक्रमों के कैलेंडर में भी शामिल किया गया है। आयोजन के दौरान पुलिस, स्वास्थ्य, वन, नौवहन तथा संबंधित जिला प्रशासन सहित विभिन्न विभागों द्वारा आवश्यक सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा एवं अन्य सहयोग प्रदान किया जाएगा। पर्यटन निदेशालय ने सभी संबंधित विभागों से आयोजन को सुचारू, सुरक्षित और सफल बनाने में सहयोग करने का आग्रह किया है।

<><><><><><><><>

पैंसठवें सुब्रतो मुखर्जी कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट–2026 के लिए अंडर–17 लड़कों की फुटबॉल टीम, द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व करेगी। यह टूर्नामेंट 15 से 24 सितंबर तक नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। टीम को यह अवसर अप्रैल 2026 में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट जीतने के बाद मिला। शिक्षा निदेशालय के निदेशक आदित्य सांगोत्रा ने टीम को इस टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं दी। निदेशक ने युवा फुटबॉलरों को खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया और भरोसा जताया कि वे शानदार प्रदर्शन करेंगे और द्वीप समूह का नाम रोशन करेंगे।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सभी संबंधित विभागों एवं प्रतिष्ठानों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। अप्रेंटिस एक्ट के प्रावधानों के तहत ''30 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों को अपने कुल कार्यबल के दो

दशमलव पांच प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक अप्रेंटिस नियुक्त करना आवश्यक है। जारी निर्देश में बताया गया है कि इस मामले को निगरानी के लिए PRAGATI Portal पर भी चिन्हित किया गया है। अप्रेंटिसशिप इंडिया पोर्टल पर पहले से पंजीकृत सभी विभागों एवं प्रतिष्ठानों को तत्काल अप्रेंटिसशिप के अवसर तैयार कर उन्हें पोर्टल पर प्रकाशित करने तथा पात्र अप्रेंटिस को नियुक्त करने के लिए कहा गया है। वहीं, जो प्रतिष्ठान अभी तक पोर्टल पर पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें ''बिना किसी देरी के पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करने'', इसके बाद अप्रेंटिसशिप के अवसर सृजित करने और अप्रेंटिस को नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा ए एन एम के पद पर भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को अपने आवेदन में हुई त्रुटियों को सुधारने का अवसर दिया गया है। निदेशालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ''करेक्शन विंडो 16 सितंबर को सुबह 11 बजे से 18 सितंबर सुबह 11 बजे तक खुली रहेगी। अभ्यर्थी निर्धारित अवधि के दौरान ई–रिक्रूटमेंट पोर्टल पर जाकर अपने आवेदन में आवश्यक सुधार कर सकते है। 18 सितंबर को सुबह 11 बजे के बाद किसी भी प्रकार के सुधार का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने सभी संबंधित अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे अपने हित में करेक्शन विंडो का लाभ उठाते हुए आवेदन में आवश्यक सुधार ''समय सीमा के भीतर सावधानीपूर्वक'' पूरा करें।

<><><><><><><>